दिनांक 25 मार्च 2020
स्वच्छ भारत अभियान
स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

अत्यावश्यक सेवा से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए जारी की गई पहचान पत्र

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत कार्यरत अत्यावश्यक सेवा वाले अधिकारी/कर्मचारियों को जोन आयुक्तों द्वारा पहचान पत्र प्रदाय किया गया है ताकि सफाई, स्वच्छता, विद्युत, पेयजल, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की सेवाएं शासन के आदेश अनुसार बरकरार रखी जा सके और लोगों को अत्यावश्यक बुनियादी सेवाएं मिल सके! निगम के अधिकारियों को अत्यावश्यक सेवा के कार्यों में कोई दिक्कत न हो इसके लिए पहचान पत्र जारी कर दिया गया है! गौरतलब है कि निगम क्षेत्र के संपूर्ण भिलाई शहर में लॉक डाउन एवं धारा 144 लागू है! इस दौरान लोगों को अत्यावश्यक सेवा देने के लिए निगम के महज कुछ विभाग ही कार्यरत है! अब इन कर्मचारियों को पहचान पत्र प्रदान किया जा रहा है!